हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 19 अगस्त 2025

06 भैरूंदा से संदलपुर तक सड़क का दो कंपनी ने...



08 सिद्धिगंज फीडर से 60 गांव जुड़े, एक फाल्ट से ...





## खबर संक्षेप

### नवीन छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 20 तक

**सीहोर।** पिछडा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना शैक्षणिक सत्र 2024-25 अतर्गत नवीन छात्रवृत्ति के लिए आवेदन प्रारंभ हो गया है जिसकी अंतिम तिथि 20 अगस्त निधारित की है। इसके लिए MPTAAS पोर्टल खोला गया है। समस्त संस्थाएं यह सुनिश्चित करे कि उनकी सस्था में अध्ययनरत कोई भी पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करने से वंचित न रहे। सहायक सचालक पिछडा वर्ग ने समस्त सस्थाएँ को कहा है कि वो 20 अगस्त तक पात्र विद्यार्थियों से सपर्क कर छात्रवृत्ति आवेदन समय-सीमा में कराना सुनिश्चित करे जिससे विद्यार्थियां को छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त हो सक। निर्धारित समय-सीमा के बाद कोई भी विद्यार्थी आवेदन करने से वंचित रहता है. तो इसकी संपूर्ण जबावदारी संबंधित सस्था, विद्यार्थी की होगी।

### स्कूलों में ही बनेंगे विद्यार्थियों के आधार कार्ड

**सीहोर।** स्कूल के बच्चों के आधार कार्ड तैयार करने के लिये स्कूल में ही विशेष अभियान 18 अगस्त 2025 से चलाया जायेगा। इसके लिये स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य शिक्षा केन्द्र ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के साथ समन्वय किया है। सरकारी स्कूलों में छात्रों की सुविधा के लिए आधार नामांकन और अपडेट शिविर लगाये जायेंगे। इस अभियान का नाम होगा 'विद्यार्थी के लिए आधार, अब विद्यालय के द्वार'। यह पहल मुख्य रूप से बच्चों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) पर केंद्रित है। इसमें उनके आधार में उंगलियों के निशान, आईरिस स्कैन और एक तस्वीर अपडेट करना शामिल है। पहला अपडेट तब आवश्यक है जब बच्चा 5 वर्ष का हो जाए। पहला एमबीयू 5 से 7 वर्ष की आयु के बीच पूरा होने पर निःशुल्क रखा गया है।

### दस्तक अभियान एवं स्टॉप डायरिया कैंपेन 16 सितंबर तक

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा 16 सितंबर 2025 तक दस्तक अभियान का प्रथम चरण एवं स्टॉप डायरिया कैंपेन चलाया जायेगा। इसके तहत गंभीर कुपोषित एवं उच्च जोखिम वाले नवजात शिशुओं का चिन्हांकन किया जाएगा अभियान के तहत एनीमिया, निमोनिया, डायरिया की जांच एवं पहचान की जाएगी औ और विटामिन ए का अनुपूरण किया जाएगा। चिन्हांकन के पश्चात आवश्यकतानुसार बच्चों को रेफर भी किया जाएगा। अभियान के तहत आमजन को जागरूक किया जाएगा और समुचित शिशु एवं बाल आहार पूर्ति के संबंध में जानकारी दी जाएगी। इस अभियान का प्रथम चरण गृह भेंट आधारित नहीं होगा यह सेवाएं आंगनबाडी केन्द्र पर संचालित की जाएगी एवं मॉप-अप दिवस में छूटे हुये बच्चों को गृह भेंट कर सेवाएँ दी जायेंगी।

### लव जिहाद के मामले में दूसरे दिन भी बंद रहा इछावर, भारी पुलिस बल तैनात

# आरोपी के मकान पर बुल्डोजर कार्रवाई की मांग हिंदू संगठन का अनिश्चितकालीन बंद का आह्वान

चार दिन पहले एक लव-जिहाद का मामला प्रकाश में आया था । जिसमें नगर की एक युवती से आरोपी मोहसिन बाबा ने खुद को राहुल बताकर दोस्ती की थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

नगर में पिछले दिनों सामने आई लव-जिहाद की घटना के विरोध में नगर दूसरे दिन सोमवार को भी बंद रहा। हिन्दू संगठनों के आह्वान पर अनिश्चितकालीन नगर बंद का दूसरे दिन भी व्यापक असर देखने को मिला। व्यापारियों ने अपने सभी प्रतिष्ठान, दुकान, होटल , गुमठियां , ठेले आदि बंद रखकर विरोध प्रदर्शन का समर्थन किया। दरअसल सकल हिन्दू सनातनी समाज आरोपी के मकान और अवैध संस्थानों पर बुल्डोजर चलाने की मांग पर अड़ा हुआ हैं। इसके चलते नगर में तनाव का माहौल बना हुआ है। प्रशासन किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पूरी ऐतिहात बरत रहा है। हालात यह है कि नगर के चौराहों सहित अन्य संवेदनशील स्थानों पर भारी बड़ी पुलिस बल तैनात किया है। साथ ही एडीशनल एसपी, एसडीओपी सहित अन्य अधिकारी पिछले 48 घंटों से नगर में डेरा डाले हुए है। इस मामले में आरक्षक वीरेंद्र अहिरवार को निलंबित कर दिया है।

गौरतलब है कि चार दिन पहले एक लव-जिहाद का मामला प्रकाश में आया था। जिसमें नगर की एक युवती से आरोपी मोहसिन बाबा ने खुद को राहुल बताकर दोस्ती की। उसने पीड़िता से शारीरिक संबंध बनाए और बाद में धर्म परिवर्तन करने का दवाब बनाने लगा। पीड़िता की शिकायत पर सीहोर कोतवाली पुलिस ने आरोपी मोहसिन बाबा पिता सईद बाबा निवासी इछावर के खिलाफ बलात्कार और धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया । मामला प्रकाश में आते ही सकल हिन्दू सनातनी समाज आक्रोशित हो गया और घटना के विरोध में हिन्दू संगठनों के नेतृत्व में रविवार को नगर बंद का आह्वान करते हुए हजारों की संख्या में एकत्रित होकर रैली के रूप में तहसील कार्यालय पहुंचे। जहां एसडीएम जमील खान को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में समाज के लोगों ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के साथ ही उसके मकान एवं अवैध संस्थानों पर बिल्डोजर चलाकर उन्हें जमींदोज करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी देते हुए कहा है कि जब तक प्रशासन आरोपी के खिलाफ उक्त कार्रवाई नहीं करेगा। तब तक नगर बंद कर विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। इसी के चलते दूसरे दिन सोमवार को भी नगर पूरी तरह से बंद रहा।

हालांकि नपं रविवार को ही आरोपी के कब्जे वाली बस स्टैंड स्थित दुकान को कार्रवाई करते हुए आरोपी के कब्जे से मुक्त करवा लिया था। इसके अलावा हाइवे पर रखी गुमटी को जमींदोज कर दिया। लेकिन सकल हिन्दू सनातनी समाज आरोपी का मकान जमींदोज करने की मांग पर अड़ा हुआ है।



**इछावर।** नगर में हुई लव जिहाद की घटना को लेकर सकल हिंदू समाज द्वारा अनिश्चितकालीन बाजार बंद का आवाहन किया गया जिसके दूसरे दिन भी बंद का असर जोरदार दिखा।



**इछावर।** नगर में हुई लव जिहाद की घटना को लेकर सकल हिंदू समाज द्वारा अनिश्चितकालीन बाजार बंद का आवाहन किया गया जिसके दूसरे दिन पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया।



**इछावर।** नगर में कोई अप्रिय घटना न हो इसलिए भारी संख्या में पुलिस बल चौराहा, चौराहा पर तैनात किए हैं।

#### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

मामले पर पूरी से नजर बनाए हुए हैं, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए हैं। जो असामाजिक तत्व है उनको चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। सुनीता रावत एडीशनल एसपी

## जिले में अब तक 711.1 मिलीमीटर औसत बारिश



**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 1.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 0, मिलीमीटर, श्यामपुर में 0, आष्टा में 0, जावर में 9, इछावर में 0, भैरूंदा में 0, बुधनी में 0, रेहटी में 0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

जिले में 1 जून से 18 अगस्त को सुबह 8 बजे तक 711.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 788.5 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 18 अगस्त 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 709.8, मिलीमीटर, श्यामपुर में 676.9, आष्टा में 524, जावर में 471.2, इछावर में 694.3, भैरूंदा में 705, बुधनी में 1001 तथा रेहटी में 906.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### बीजों के विक्रेता को लाइसेंस लेना अनिवार्य

सीहोर। औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिये विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लायसेंस के व्यापार करते पाये जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही सम्बन्धित निजी बीज विक्रेता की रहेगी।

### अवैध खुदाई से परेशान ग्रामीणों ने किया चक्का जाम

## दो घंटे तक इछावर-भैरुंदा हाईवे पर किया विरोध, कहा- ब्लास्टिंग से घरों में आई दरारें

**सीहोर।** बोरदी गांव में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात ग्रामीणों ने इछावर-भैरुंदा हाईवे पर चक्का जाम कर दिया। जाम की वजह अष्टविनायक क्रेशर मशीन में की जा रही अवैध खुदाई और ब्लास्टिंग है। ग्रामीणों का कहना है कि भाजपा नेता पप्पू की क्रेशर मशीन में होने वाली ब्लास्टिंग से आसपास के घरों में दरारें आ रही हैं। रविवार रात हुए ब्लास्ट से कई घरों की दीवारें हिल गईं। इससे बड़ी दुर्घटना की आशंका है।



**नपाई और ब्लास्टिंग पर रोक लगाने की मांग :** ग्रामीणों ने क्रेशर मशीन बंद करने की मांग की। मांग पूरी न होने पर उन्होंने हाईवे पर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही इछावर टीआई पंकज वाडेकर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने क्रेशर मशीन के लिए सरकार द्वारा दी गई लीज की नपाई और ब्लास्टिंग पर रोक लगाने की मांग की। पुलिस की समझाइश के बाद करीब 2 घंटे बाद जाम खत्म हुआ। टीआई पंकज वाडेकर ने बताया कि अभी तक इस मामले में कोई प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है।

### सीहोर सर्किल से निकाले गए पुराने मीटरों में विद्युत चोरी के 256 मामले पकड़े

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा पूरे कंपनी कार्यक्षेत्र में अब तक 3 लाख 35 हजार से अधिक स्मार्ट मीटर स्थापित कर दिये गये हैं। स्मार्ट मीटर की स्थापना के दौरान कंपनी द्वारा पुराने मीटरों को बदला जा रहा है और उपभोक्ता परिसरों में नये स्मार्ट मीटर स्थापित किये जा रहे हैं। सीहोर सर्किल में स्मार्ट मीटर की स्थापना के दौरान उपभोक्ता परिसरों से निकाले गये पुराने मीटरों की एनएबीएल लैब में चेकिंग के दौरान चौकाने वाले तथ्य सामने आये हैं। उपभोक्ताओं के परिसर से निकाले गये ऐसे पुराने मीटरों में तकनीकी खराबी कर रेजिस्टेंस या अन्य छेड़छाड़ की गड़बड़ी के 256 मामले पकड़े गये हैं। इन गड़बड़ी वाले आरोपी उपभोक्ताओं पर कंपनी द्वारा 39 लाख से 02 हजार की बिलिंग की गई है जिसमें से 145 मामलों में उपभोक्ताओं द्वारा मीटर में गड़बड़ी की बात स्वीकार कर 11 लाख 37 हजार की राशि कंपनी के खाते में जमा कराई है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने स्पष्ट किया है कि ऐसे मामले यह रेखांकित करते हैं कि स्मार्ट मीटर प्रभावी है और उसके द्वारा दर्ज खपत भी सटीक है। कंपनी ने यह भी कहा है कि स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य तेजी से जारी है और इस दौरान उपभोक्ता परिसरों के मीटरों की जाँच और चेकिंग लगातार जारी रहेगी।

## धर्मांतरण कराने वाले पति-पत्नी पर मामला दर्ज, पति गिरफ्तार

**सीहोर।** धर्मांतरण कराने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफा मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। रविवार को फरियादी गोविंद मसुरे पिता स्व. रमेशचंद्र मसुरे उम्र 43 साल हाल निवासी ग्राम बिजौरी ने पुलिस को आवेदन दिया था कि पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी नगर हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी जब्बार पिता जरदार खान व उसकी पत्नि ताहिरा खान अपने मकान में प्रर्थाना सभा आयोजित कर लोगों का धर्मांतरण कराते हैं। शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने पति_पत्नी पर धारा 3/5 मप्र धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की पता तलाश के लिए पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर के निर्देशानुसार सुनीता रावत, नगर निरीक्षक सीहोर डॉ अभिनंदना शर्मा के मार्ग निर्देशन में थाना प्रभारी कोतवाली को टीम गठित कर आरोपी की तलाश की के लिए निर्देशित किया गया था। जो कि मुखबिर सूचना के आधार पर प्रकरण के आरोपी जब्बार पिता जरदार खान को अभिरक्षा में लिया गया है।

### कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ ने मोबाइल रीडिंग वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने कलेक्ट्रेट परिसर से मोबाइल रीडिंग वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला शिक्षा केंद्र, डाइट एवं मिशन अंकुर टीम द्वारा बच्चों की पढ़ने की क्षमता बढ़ाने और पढ़ाई को रूचिकर बनाने के उद्देश्य से जिले में 6 दिवसीय चलित मोबाइल रीडिंग वैन का संचालन किया जा रहा है। इस वैन का मुख्य उद्देश्य बच्चों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं समुदाय में पठन संस्कृति को बढ़ावा देना और पुस्तक पढ़ने की आदत के प्रति जागरूक करना है, ताकि प्रत्येक बच्चा किताबों में अपने जीवन से जुड़ी कहानी खोज पाए और आत्मविश्वास से कह सके –"मेरी किताब, मेरी कहानी"। यह रीडिंग वैन दो दिन सीहोर में तथा एक-एक दिन जिले के शेष चारों विकासखंडों आष्टा, सीहोर, इछावर एवं भेरुन्दा में भ्रमण करेगी। शुभारंभ के पश्चात डीपीसी रमेश उइके एवं डाइट प्राचार्य डॉ.अनीता बड़गुर्जर ने शासकीय हायर सेकेंडरी कन्या विद्यालय का भ्रमण किया तथा बच्चों को रोचक कहानियां सुनाई।

### पेशवाओं के समय हुआ था निर्माण, राजस्थान के शिल्पकारों ने किया नवीनीकरण

# श्री चिंतामन गणेश मंदिर परिसर की 400 साल पुरानी बावड़ी का किया गया जीर्णोद्धार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

श्री चिंतामन सिद्ध गणेश मंदिर परिसर की प्राचीन ऐतिहासिक बावड़ी का जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण हो गया है। सोमवार को मंदिर के प्रमुख पुजारी पं. पृथ्वी वल्लभ दुबे एवं पं हेमंत वल्लभ दुबे एवं पुजारी परिवार ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन किया। इतिहासकारों के अनुसार मंदिर विक्रमादित्य कालीन है लगभग 400 वर्ष पूर्व पेशवाओं के काल में जब मंदिर का जीर्णोद्धार कराया गया था, तभी इस बावड़ी का निर्माण भी पेशवाओं द्वारा किया गया था। यह बावड़ी उस समय धार्मिक और सामाजिक जीवन का महत्वपूर्ण अंग रही है। इस बावड़ी के नवीनीकरण पर लगभग पाँच लाख का खर्च आया। कार्य पिछले एक वर्ष से लगातार जारी था, जिसमें राजस्थान के शिल्पकारों और कलाकारों ने पारंपरिक शिल्पकला का प्रयोग करते हुए बावड़ी को नया स्वरूप प्रदान किया।



मंदिर के प्रमुख पुजारी पं. पृथ्वी वल्लभ दुबे ने बताया कि यह बावड़ी केवल पानी का स्रोत हीं नहीं, बल्कि हमारी आस्था और इतिहास की जीवंत धरोहर है। इस अनमोल विरासत का नवीनीकरण सभी गणेश भक्तों के लिए उल्लास का विषय है। पंडित जी ने यह भी बताया कि बावड़ी निर्माण के लिए कुछ लोग अवैध रूप से चंदा वसूली कर रहे हैं, गणेश जी उन्हें सद्बुद्धि प्रदान करें।

लोकार्पण अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं और पत्रकार बन्धु बड़ी संख्या उपस्थित रहक। मंत्रोच्चार, दीपमालिका के बीच पूरे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास का वातावरण बना रहा।

## कोलीपुरा में महिलाओं पर हमला:दुकान का सामान गड्ढे में फेंका, एक्टिवा-मोबाइल छीने, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नगर के कोलीपुरा क्षेत्र में बीती रात महिलाओं के साथ मारपीट की घटना हुई। गंभीर रूप से घायल महिलाओं को इलाज के लिए जिला अस्पताल सीहोर में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, कोलीपुरा क्षेत्र में मेवाड़ा परिवार की दुकान कई सालों से चल रही थी। इसी दुकान को लेकर महेश मेवाड़ा, अखिलेश मेवाड़ा, जितेंद्र मेवाड़ा और उनके साथियों ने हमला कर दिया।




**बहू और परिजन गंभीर रूप से घायल:** हमले में मेवाड़ा परिवार की बहू सुनीता मेवाड़ा और मोहन मेवाड़ा गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों की हालत नाजुक बताई जा रही है। आरोपियों ने न केवल मारपीट की, बल्कि दुकान में रखा सारा सामान पास के गड्ढे में फेंक दिया। इतना ही नहीं, परिवार की एक्टिवा, मोबाइल और एक गाड़ी भी छीन ली गई। इस घटना के बाद परिवार डरा और सहमा हुआ है।

**पुलिस की देर से पहुंचने पर मामला बढ़ा:** परिवार ने बताया कि घटना की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को तुरंत दी गई थी, लेकिन पुलिस देर से पहुंची। मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

इनमें से दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया है और बाकी की तलाश जारी है।

## खबर संक्षेप

### ऋणी कृषक 30 अगस्त तक अपनी फसल का बीमा कराएं

**सीहोर।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विकास विभाग के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत अऋणी किसानों के लिए खरीफ फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि बढ़कर 14 अगस्त कर दी गई है तथा ऋणी किसानों के लिए अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 अगस्त 2025 कर दी गई है। जिन किसानों ने बैंकों से केसीसी लिया है और उनका बीमा बैंक द्वारा किया जाता है, किसी कारण से बैंक द्वारा बीमा नहीं किया गया है तो वह किसान बैंक से संपर्क कर अपना फसल बीमा कराएं। अऋणी किसान एवं ऐसे किसान जिनका फसल बीमा छूट गया है वह अंतिम तिथि का इंतजार न करें और शीघ्र ही पास की बैंक शाखा जैसे सहकारी बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक, जन सेवा केंद्र तथा सीएससी ऑनलाइन पर जाकर फसल बीमा कराएं।

### हितग्राही 31 अगस्त तक ईकेवायसी कराएं

**सीहोर।** जिले के समस्त पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का ई-केवायसी सत्यापन 31 अगस्त तक पूर्ण किया जाना अनिवार्य किया गया है। यदि ईकेवायसी नहीं हुई तो विभिन्न पेंशन योजना की हितग्राही के पेंशन होल्ड हो जायेगी। वर्तमान में सीहोर जिले में 4974 हितग्राहियों का ई-केवायसी लंबित है। इस संबंध में कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये है कि 31 अगस्त तक पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का ई-केवायसी सत्यापन पूर्ण किया जाये। इस संबंध में इस संबंध में शासन के सामाजिक न्याय एव दिव्यागजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा भी पूर्व में अभियान चलाकर ई-केवायसी कराये जाने के निर्देश प्रसारित किये जा चुके है। शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने तथा अपात्र हितग्राहियों को हटाने के लिए समस्त हितग्राहियों का ई-केवायसी होना अनिवार्य हैं।

### स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**सीहोर।** वर्षा ऋतु में होने वाली जलजनित बीमारियों के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और दूषित जल से होने वाले रोगों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां अपनाएं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुद्ध जल का उपयोग करने एवं जलजनित रोगों से सुरक्षा के लिए सलाह दी गई है। दूषित पानी के सेवन से उल्टी-दस्त, पेचिश, हैजा, पीलिया और टाइफाइड जैसी गंभीर बीमारियाँ होने की संभावना बढ़ जाती है। एडवाइजरी में कहा गया है कि रोगों से बचने के लिए सावधानियाँ और सुरक्षा उपाय अपनाकर स्वयं एवं परिवार को सुरक्षित करें। स्वास्थ्य विभाग एडवाइजरी में कहा है कि खानपान के लिए सदैव स्वच्छ एवं सुरक्षित उबला अथवा फिल्टर जल का ही प्रयोग करें।

---

### राहगीरों ने कहा गड्ढे दे रहे दर्द, यहां से सही सलामत निकल गए तो भगवान का शुक्रिया कहिए !

# भैरूंदा से संदलपुर तक सड़क का दो कंपनी ने किया पेंचवर्क, फिर भी जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हाइवे

### 40 किमी में 400 से ज्यादा गड्ढे बने, जिम्मेदार बने मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

भैरूंदा से संदलपुर तक करीब 40 किमी की सड़क में जगह जगह बड़े गड्ढों में तब्दील हो गई है। पहले इन गड्ढों को भरने के लिए बिंदल कांट्रेक्शन कन्नौद को करोड़ों रुपए पेजवर्क का काम सौंपा गया था। लेकिन घटिया काम करने से हटा दिया। वहीं श्री गोपाल कंस्ट्रक्शन भोपाल की कंपनी को सौंपा गया काम धीमी गति से पूरा किया। लेकिन यहां भी घटिया काम किया गया। हालांकि भैरूंदा से संदलपुर तक नेशनल हाईवे 146 बी बनना है, लेकिन टेंडर स्वीकृत हो गया है पर काम शुरू नहीं हुए हैं। ऐसे में फिलहाल इस रोड का पेंचवर्क कराया जा रहा है, ताकि वाहन चालकों को परेशानियां नहीं आएं, हालत फिर वहीं गड्ढों में तब्दील सड़क से जोख़िम भरा सफ़र करने को मजबूर है।

राहगीरों की मुश्किले कम होने का नाम नहीं ले रही है। वहीं रोज़ाना दुर्घटनाएं बनी हुई हैं, जिसमें लोग हादसों का शिकार हो रहे है। बारिश में बदतर हुई सड़क के चलते यहां से लोगों का गुजरना चुनौती भरा साबित भी हो रहा है। ऐसे में प्रतिदिन हज़ारों को हिचकोले खाते हुए हाइवे से जोख़िम भरा सफ़र तय करने को मजबूर है। राहगीरों के दीमक में हाइवे का नाम आते ही गड्ढे मुक्त अच्छी सड़क की कल्पना करते हैं। लेकिन भैरूंदा से संदलपुर तक हाइवे की हालत बिल्कुल विपरीत है। भैरुंदा से संदलपुर तक का सफ़र तय करना राहगीरों के लिए जोख़िम भरा बन गया है। रोजाना हज़ारों छोटे बड़े वाहनों से लोगों आना जाना लगा रहता है। आए दिन सड़क दुर्घटनाएं भी होने की खबरें सामने भी आती रहती है।

### दो कंपनियों ने की मरम्मत फिर भी गड्ढे में तब्दील सड़क

भैरूंदा से संदलपुर की दूरी लगभग 40किमी है। जिसकी मरम्मत कार्य दो बड़ी कंपनियों ने किया फिर भी हालात वहीं बने हुए हैं। जिसमें जगह जगह पर 400 से अधिक छोटे , बड़े गड्ढों में सड़क तब्दील हो गई है। जिसमें सबसे अधिक बोरखेड़ाकला, पड़ागांव से बड़नगर से इटावाकला, तो वही खातेगांव तहसील के रिजगांव , दीपगांव और संदलपुर तक बड़े बड़े और गहरे गड्ढे बने गए है। सड़क पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। जिसमें 8 इंच से 20 इंच के छोटे बड़े गहरे गड्ढे भी बने हुए हैं। इन गड्ढों में बारिश का पानी भर जाने से राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना तो करना ही पड़ रहा है। वहीं गड्ढों की वजह से हाइवे पर आए दिन हादसे भी देखने को मिल रहे हैं। जिसमें राहगीर गंभीर रूप से घायल व चोटिल हो रहे हैं।





**गड्ढे दे रहे दर्द: यहां से सही सलामत निकल गए तो भगवान का शुक्रिया कहिए**




भैरुदा से संदलपुर तक की सड़क पर अधिकांश जगहों बारिश में गड्ढों में तब्दील हो गई है। सड़क पर गड्ढे.दर्द दे रहे हैं बारिश में सफ़र जोखिम सा बन गए हैं। जगह-जगह हो रहे बड़े-बड़े गड्ढे. कब जानलेवा बन जाए कुछ कहा नहीं जा सकता है। हर रोज कोई ना कोई वाहन चालक इन गड्ढों में हादसों का कारण बन रहा है। भैरूंदा से गोपालपुर तक सड़क की हालात बारिश में पूरी तरह से खराब हो चुकी है। इटावाकला से बड़नगर तक की सड़क को बने हुए अभी एक वर्ष भी पूरा नहीं हुआ है। उसमें जगह-जगह से बैठ जाने के कारण गड्ढे गए है। क्षतिग्रस्त सड़क पर वाहन चालक हिचकोले खाते हुए गुजर रहे हैं। कई वाहन चालक व राहगीर गड्ढों के कारण हादसे का शिकार होकर चोटिल भी हो चुके हैं। ऐसे में जिम्मेदार समाधान करने की बजाय मौन धारण किए हुए है। अब यह गड्ढे.बढ़ते जा रहे हैं। बारिश के बीच खस्ताहाल सड़क पर चलना खतरनाक साबित हो रहा है। जिम्मेदारों की आखें बंद हैं। आलम यह हाल ही में कुछ महीनों हुई मरम्मत भी बरसात की बूंदे झेल नहीं पाई और डामर टूट कर बिखर गया। राहगीरों ने कहा सड़क पर बने गड्ढे दर्द दे रहे हैं। यहां से सही सलामत निकल गए तो भगवान का शुक्रिया कहिए, सड़क पर गहरे गड्ढे ओर गिट्टी पसरने से जरा सा चूकते ही धड़ाम होने से हड्डी पसली एक होना तय है। घर से निकलने के साथ ही सकुशल घर पहुंचने का डर सा बना रहता है। जान-जोखिम में डालकर सफर करना मजबूर हो चला है। नप्रतिनिधि भी जनता के इस दर्द से अनजान बने हुए हैं। हालांकि की बड़े गड्ढों में किसी सज्जन के द्वारा बड़े बड़े गड्ढों के मुरम डाली गई है।

**दो कंपनियों ने करोड़ों रुपए लेकर पेजवर्क किया ,फिर भी जोख़िम भरा सफ़र करने को मजबूर :** भैरूंदा से संदलपुर तक लगभग 40 किमी सड़क का दो बड़ी कंपनियों बिंदल कांट्रेक्शन कन्नौद और श्री गोपाल कांट्रेक्शन भोपाल ने करोड़ों रुपए की लगात पेजवर्क का कार्य किया गया। जिसमें इटावाकला से बड़नगर तक सड़क का बनाने का कार्य पहले बिंदल कांट्रेक्शन कन्नौद की कंपनी को करोड़ो रुपए की राशि से सौंपा गया। वहीं इटावा कला से बड़नगर करीबन दो किमी सड़क निर्माण कार्य भी किया। जो पहली बारिश में ही उखड़ गई। और जर्जर गड्ढों में तब्दील हो गई। वहीं फिर से दो किमी सड़क बनाने का निर्माण कार्य करोड़ों रुपए लगात से श्री गोपाल कांट्रेक्शन भोपाल की कंपनी को सौंपा गया। जैसे तैसे लम्बे समय बाद निर्माण कार्य पूरा किया। दोनों ने घटिया काम किया जिसकी पोल खुलती दिखाई दे रही है। फ़िर वही हालत बारिश आई और सड़क उखड़ गई और हालत जर्जर गड्ढों में तब्दील हो गई।

### दो किमी सड़क बनाने को लेकर क्या फिर से वही लीपापोती होगी?

बता दे कि बुधनी विधान सभा में सड़को का जाल बिछाया गया। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने गांवों से लेकर किसानों के खेतों तक सड़को का जाल बिछाया गया। इटावाकला से लेकर बड़नगर तक दो किमी सड़क बनाने में सरकार ने करोड़ो रुपए खर्चा किए लेकिन ठेकेदारों ने सरकार को चुना लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। फ़िर से वही हालत बने हुए है सड़क पूरी तरह से जर्जर और गड्ढों में तब्दील हो गई। खस्ताहाल सड़क पर वाहनों और राहगीरों को चलना दूभर सा बन गया है। जिसमें दो पहिया वाहनों का निकलना बहुत ही जोख़िम भरा सफ़र हो गया है।

**मरम्मत कार्य कराया जाएगा**

भैरूंदा से संदलपुर तक सड़क का पेचवर्क होना है। इस संबंध में एनएचएआई के अधिकारियों से चर्चा कर निर्देश दिए हैं, जल्द से जल्द निर्माण मरम्मत कार्य कराया जाएगा।

मदनसिंह रघुवंशी, एसडीएम भैरुंदा

---

### वसुधैव कुटुम्बकम की भारतीय अवधारणा विषय पर विशेष व्याख्यान का किया आयोजन



**सीहोर।** भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत सोमवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर में "वसुधैव कुटुम्बकम की भारतीय अवधारणा" विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ पत्रकार डॉ. प्रवीण चौहान ने उपस्थित होकर विद्यार्थियों एवं स्टाफ को संबोधित किया। उन्होंने अपने व्याख्यान में बताया कि "वसुधैव कुटुम्बकम्" केवल एक आदर्श वाक्य नहीं, बल्कि यह भारतीय संस्कृति और दर्शन की आत्मा है। उन्होंने कहा कि आज की वैश्विक चुनौतियों और संघर्षों के दौर में इस विचारधारा को अपनाना अत्यंत आवश्यक है, जिससे मानवता, भाईचारा और शांति को बढ़ावा मिल सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मंजरी अग्निहोत्री ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय परंपरा की विशेषता ही यही है कि वह समस्त विश्व को एक परिवार मानती है और यही भावना हमारे छात्र-छात्राओं को वैश्विक दृष्टिकोण प्रदान करती है। इस आयोजन का संचालन कार्यक्रम प्रभारी डॉ. पूजा कश्यप तथा डॉ. रमाकांत रिछारिया ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों को न केवल अकादमिक दृष्टि से, बल्कि सांस्कृतिक एवं सामाजिक दृष्टि से भी समृद्ध करते हैं। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी महाविद्यालय स्तर पर करने की बात कही। कार्यक्रम में 100 से अधिक छात्राओं ने सक्रिय रूप से सहभागिता की। साथ ही, महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह व्याख्यान भारतीय ज्ञान परंपरा की प्रासंगिकता को उजागर करने वाला और छात्राओं के लिए प्रेरणादायी साबित हुआ।

## ग्राम जोशीपुर में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में हुए विविध कार्यक्रम

### झंडा चौक से निकला भव्य चल समारोह, ग्रामीणों ने की पुष्प वर्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

नगर के करीबी ग्राम जोशीपुर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत शनिवार को झंडा चौक पर स्थित राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण से हुई, जहां भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस मौके पर वेयरहाउसिंग कारपोरेशन के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत मुख्य रूप से उपस्थित रहे। भजन संध्या में कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुति दी और श्रद्धालुओं ने भक्ति रस से सरोबर होकर जमकर नृत्य किया कार्यक्रम में सोमवार को झंडा चौक से बगवाड़ा तक भव्य चल समारोह निकाला गया जिसमें बड़ी संख्या में यादव समाज, ग्रामीणजन और विभिन्न जनप्रतिनिधि शामिल हुए। चल समारोह में बैंडबाजों की धुन, झांकियों की आकर्षक प्रस्तुतियों और श्रीकृष्ण-राधा की झलकियों ने सभी का मन मोह लिया। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर चल समारोह का स्वागत किया। इस अवसर पर महेश यादव,लेखराम यादव, सोनू राजपूत,संतोष यादव,धर्मेंद्र यादव, सुनील यादव, अजय यादव, हेमंत यादव, रामफल यादव, राजेश यादव, मांगीलाल यादव, राकेश यादव, राजा यादव, भानु यादव, हेतराम यादव, कृष्ण कुमार यादव, दीपक यादव, जयराम यादव, अरविंद यादव, दीपक यादव दयाराम यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



## सज्जनों के सोने से दुर्जन शक्तियां जाग जाती हैं : पं. मोहित राम



**सीहोर।** कथा के माध्यम से धर्म के माध्यम से मंदिर के माध्यम से एक नारियल एक लोटा जल के माध्यम से किंतु संपूर्ण सनातनी हिंदू धर्म लंबियों को एक होना पड़ेगा, क्योंकि कहते हैं यदि सज्जन शक्तियां सोती रहती है, तो दुर्जन शक्तियां जाग जाती हैं जिससे समाज का धर्म का और राष्ट्र का हिट होता है। उदगार जन्माष्टमी के पावन अवसर पर ग्राम बमुलिया हनुमान मंदिर प्रांगण में चल रही सप्तशती श्री गोपाल ईश्वर शिव महापुराण कथा के दौरान कथा व्यास परम गौभक्त क्रांतिकारी वक्ता संत पंडित मोहितराम पाठक ने व्यक्त किया आगे कथा में वर्णन करते हुए कहा । कलयुग आज शिव युग में परिवर्तित हो चुका है हर मंदिर हर शिवावालय हर देवालय कथा पंडाल हर मुख से शिव नाम हर हर महादेव की जय कारे गूंज रहे हैं कलयुग में शिव नाम की भागवत नाम की गंगा बह रही है जिसके प्रताप से हम सनातनी सब एक छत्र साया में आ रहे हैं और संपूर्ण सनातनी हिंदुओं को एक करना ही शिवयुग में हमारा संकल्प हं कथा में वर्णन करते हुए कहा कि जो भी भगवान शिव और सनातन की शरण ग्रहण करता है।

सब्र और हिम्मत - कई बार लोग जब बहुत तकलीफ में होते हैं, तो भगवान् से शिकायत करते हैं और कारणों को समझ नहीं पाते लेकिन जब आपमें उस समस्या को झेलने का सब्र और विश्वास आ जाए, जब आप ये सोचने लगें कि भगवान् आपको इस मुसीबत से जरूर उबार लेंगे, तो समझ लीजिए कि भगवान् शिव आपके साथ है सोमवार तृतीय दिवस की कथा में भगवान सोमनाथ के ज्योतिर्लिंग का महा रुद्राभिषेक किया जाएगा। साथ में निशुल्क रुद्राक्ष का वितरण होगा, आज कथा के दौरान मध्य प्रदेश शासन कैबिनेट मंत्री इच्छावर विधायक करण सिंह जी वर्मा भाजपा नेता पंकज गुप्ता तुलसीराम जी परमार जितेंद्र तिवारी बृजेश जी पाराशर मनोज मामा दीक्षित मोहन गोस्वामी बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण पधारे आयोजन समिति ग्राम बमुलिया बड़ा ने संपूर्ण क्षेत्र वासियों से कथा में पधारकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया।

### टीएल में बोले कलेक्टर पानी लेने के लिए टिल्लू पंप का उपयोग करने वालों के पंप किए जाएं जब्त

# गंभीर परिस्थितियों में मरीज की जान बचाने के लिए करें एयर एंबुलेंस का उपयोग : कलेक्टर बालागुरु के.

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सभी विभागों के समय-सीमा प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा के भीतर सभी प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए।

बैठक में उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि आने वाले गणोशोत्सव एवं नवरात्रि के दौरान पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए यह प्रयास किया जाए कि मूर्तियों का निर्माण पीओपी से नही हो बल्कि मिट्टी से हो। ताकि पीओपी से बनीं मूर्तियों के विसर्जन से पर्यावरण को होने वाले नुकसान को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि स्थानीय मूर्तिकारों को मिट्टी की मूर्ति बनाने और नागरिकों को मिट्टी की मूर्तियां खरीदने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए स्थानीय स्तर पर लोगों को जागरूक किया जाए। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि सीहोर में 14 जनवरी 1858 को आजादी के लिए प्राण न्योछावर करने वाले 358 अमर शहीदों की स्मृति में बनाए गए स्मारक एवं शहीद स्थल परिसर के संचालन और रखरखाव के लिए नगर पालिका सीएमओ तथा जनपद सीईओ बैठक कर कार्ययोजना बनाएं। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा गंभीर परिस्थितियों में मरीज की जान बचाने के लिए निशुल्क एयर एंबुलेंस योजना चलाई जा रही है। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देश दिए हैं कि ऐसी गंभीर परिस्थितियों के निर्मित होने पर मरीज की जान बचाने के लिए एयर एंबुलेंस की आवश्यकता हो तो उसका उपयोग किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की जान बचाने वाले व्यक्ति को राहवीर योजना के तहत 25 हजार रूपये के पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में होने वाले ज्ञात तथा अज्ञात वाहनों की दुर्घटनाओं में मृत व्यक्तियों के परिजनों को राहत राशि प्रदान करने की करवाई शीघ्रता से की जाए। इसके साथ ही घायलों को केंद्र सरकार की कैशलेश उपचार योजना का भी लाभ दिलाया जाए। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि संबंल योजना के लंबित भुगतान के प्रकरणों में शीघ्र भुगतान की कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही संबंल योजना के हितग्राहियों की परिवार आईडी को अपडेट किया जाए ताकि भुगतान में विलंब न हो। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने ग्रामीण उपभोक्ताओं तक प्रेशर के साथ पानी पहुंचने में हो रही समस्या की जानकारी मिलने पर कहा कि टिल्लू पंप उपयोग करने से ग्राम के आखिरी उपभोक्ता तक पानी का दबाव कम हो जाता है, इससे कई उपभोक्ताओं तक पर्याप्त मात्रा में पेयजल नहीं पहुंच पाता। उन्होंने कहा कि टिल्लू पंप का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं के टिल्लू पंप जब्त करने की कार्रवाई की जाए। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि नेशनल हाईवे, रेल परियोजनाओं, सिंचाई सहित विभिन्न परियोजनाओं के लिए भू अर्जन, मुआवजा वितरण, अर्जित भूमि का नामांतरण एवं कब्जा दिलाने के कार्य में प्रगति लाई जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगरीय निकायों में पीएम आवास निर्माण के लिए भूमि चिन्हांकन की कार्रवाई जल्द की जाए।

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि जिले में जहां 5000 से अधिक गायों के आश्रय के लिए बड़ी गौशालाएं बनाई जाना हैं, उनके लिए संबंधित एसडीएम एवं तहसीलदार गौशालाओं के लिए भूमि उपलब्ध कराएं। उन्होंने वन खंडों के व्यवस्थापन एवं वन ग्रामों के राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन की अब तक की कार्यवाही की समीक्षा करते हुए सभी राजस्व एवं वन अधिकारियों को निर्देश दिए कि वन व्यवस्थापन एवं संपरिवर्तन की कार्यवाही में गति लाई जाए। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि शासन के नियमों के अनुरूप सभी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं वन विभाग के अधिकारी समय समय पर बैठक और समन्वय कर वन व्यवस्थापन और संपरिवर्तन के गतिरोध को दूर करें। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित पेंशन प्रकरणो एवं आगामी माहों में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें।




### उत्कृष्ट उमावि सीहोर को मिला पुरस्कार



**सीहोर।** स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर मध्य प्रदेश के सीहोर और टीकमगढ़ जिले के प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने 15 अगस्त को पुलिस लाइन सीहोर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में , शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1, सीहोर के एन सी सी कैडेट्स को अपनी मेहनत और अनुशासन का परिचय देते हुए जूनियर परेड में बालक दल को प्रथम स्थान, और बालिका दल को तृतीय स्थान मिलने पर शुभकामनाएं व बधाई दी। यह पुरस्कार शास उत्कृष्ट उमावि सीहोर स्कूल की प्राचार्य महोदया ने दल के साथ मंत्री से प्राप्त किया। उपस्थित मंत्री महोदया ने एक्सीलेंस प्रिंसिपल मैडम सुनीता जैन सहित एन सी सी ऑफिसर दिनेश मेवाड़ा, एन सी सी ऑफिसर(गर्ल्स विंग) सविता ठाकुर मैडम व गर्ल्स एनसीसी दल , बॉयज एन सी सी दल को, जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर, डी पी सी आर आर उइके, ए पी सी संजय जादौन , डॉक्टर राजेंद्र देशमुख, डी के राय, संतोष सोनी, एस के पाठक,डॉक्टर देवेंद्र साहू ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।


सभी क्षेत्रवासियों एवं देश वासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक हार्दिक
शुभकामनाऐं एवं बधाई
शांतुलाल जादौनी
जगदीश जादौनी
रामकृष्ण जादौनी
संजय जादौनी
सतीष जादौनी
सौजन्य से-जादौनी परिवार बाबरी


सभी
देश वासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक हार्दिक
शुभकामनाऐं एवं बधाई
सुभाष पाल
शिव चौहान
सौजन्य से-शक्ति अर्थ मूवर्स मण्डीदीप

## खबर संक्षेप

### कुत्तों की सुरक्षा, नसबंदी की जिम्मेदारी सरकार तय करेः स्वाति

**आष्टा।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों को हटाकर पाउंड में भेजने के आदेश के विरोध में गुरुवार को शाहपुरा पार्क में पशु प्रेमी जुटे। सभी ने हाथों में पोस्टर लेकर शांतिपूर्ण ढंग से विरोध दर्ज कराया। पीपल फॉर एनिमल भोपाल की अध्यक्ष स्वाति गौरव ने कहा कि जब तक कोई ठोस पुनर्वास योजना नहीं बनती, तब तक मौजूदा व्यवस्था को बदलना सही नहीं है। नगर की पशु प्रेमी डॉक्टर सुरुचि सिंह भी इस प्रदर्शन में शामिल हुईं।
प्रदर्शनकारियों ने एनिमल बर्थ कंट्रोल नियम 2023 और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के तहत कुत्तों की सुरक्षा, नसबंदी और टीकाकरण की जिम्मेदारी सरकार पर तय करने की मांग की। साथ ही कुत्तों को खाना खिलाने के लिए जगह तय करने और पशु देखभाल करने वालों को उचित मंच देने की बात कही। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने तख्तियां उठाईं, जिन पर लिखा था—भारतीय हूं पर आजाद नहीं हूं, पशु की सुरक्षा ही सच्ची मानवता है, जस्टिस फॉर द वॉइसलेस, जीवों की रक्षा ही धर्म है। इश्वर ने हमे जीव की रक्षा के लिए बनाया है, इस लिए हम सभी का कर्तव्य है कि हम सभी मिलकर जीवों की रक्षा करे।

### बार-बार हो रही बिजली कटौती से ग्रामीणों को हो रही परेशानी

# सिद्धिगंज फीडर से 60 गांव जुड़े, एक फाल्ट से अंचल में हो जाता ब्लैकआउट

### कंपनी के जिम्मेदारों की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे ग्रामीण, कभी रात में तो कभी दिन में गुल रहती है बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज



ग्राम सिद्धिगंज में बिजली विभाग द्वारा मनमानी कर प्रतिदिन 3 से 4 घंटे बिजली कटौती की जा रही है। ग्रामीणों द्वारा 181 पर भी शिकायत दर्ज करने पर भी निराकरण नहीं हो पा रहा है। ग्राम सिद्धिगंज में इतनी बिजली कटौती क्यों की जा रही है जिससे आए दिन ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। दिन और रात में भी घंटे बिजली गोल रहती है। कई बार ग्रामीणों के शिकायत पर भी बिजली विभाग बार-बार इतनी बिजली कटौती क्यों कर रहा है।

वही ग्राम के राजेंद्र सिंह, देवकरण सिंह, कन्हैयालाल, गौरीशंकर, भूरेलाल, कैलाश सिंह, राकेश कुमार, महेंद्र सिंह आदि ग्रामीण ने बताया कि बिजली विभाग सिद्धिगंज क्षेत्र में ही इतनी बिजली कटौती क्यों कर रहे हैं। बिजली कटौती से हम ग्रामीण काफी परेशान हैं। एक बार बिजली जाने के बाद घंटे तक बिजली का इंतजार करना पड़ता है। वही ग्राम सिद्दीकगंज के अंतर्गत 50 से 60 गांव आते हैं। सभी गांव की बिजली सिद्दीकगंज फिटर से ही हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली विभाग मनमानी से ही अधिक बिल दे रहे हैं। जबकि हमारे घरों में इतनी बिजली की खपत ही नहीं हो रही है। बिजली विभाग मनचाहा बिजली बिल थमा रहे हैं। बिजली विभाग की मनमानी के चलते हम सिद्धिगंज क्षेत्र के ग्रामीण काफी परेशान है। ग्राम सिद्दीकगंज के अंतर्गत श्यामपुर मगदा, पीथापुर, नर्पा खेड़ी, बरुखाल, रूपकुंड धर्मपुरी सामरी बांदा, बरखेड़ी, गोविंदपुरा, अमरपुरा, टप्पर बुराना खेड़ी, धूराडा कला आदि गांव है। सभी ग्राम के लोग बिजली कटौती से काफी परेशान है। कैलाश, नॉन सिंह, ग्राम श्यामपुर मगरदा का कहना है कि हम आसपास के गांव के लोग हमारा निजी काम करवाने सिद्धि गंज आते हैं। पर हमें लाइट नहीं मिलती है तो दिन भर हम सिद्धि गंज में ही रहते हैं। जिससे हमें काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सभी क्षेत्र के गांव के लोग अपना काम के लिए सिद्धिगंज आते जाते हैं पर बिजली कटौती से हम काफी परेशान हैं हमें घंटों इंतजार करना पड़ता है।

## स्कूल के बच्चों के संग मनाई सुभाषचंद्र बोस की पुण्यतिथि



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नगर के वार्ड क्रं. 7 में कांग्रेस नेता पंकज शर्मा ने स्कूली बच्चों के साथ नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की पूण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर सर्व प्रथम सभी ने नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर श्री शर्मा ने सुभाष चन्द्र बोस के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सुभाष चंद्र बोस श्रीमद्भगवदगीता से गहराई से प्रेरित रहे थे, इसी कारण स्वतंत्रता, समानता, राष्ट्रभक्ति के लिए उनके संघर्ष को भुलाया नहीं जा सकता। नेता जी के लिए राष्ट्र सर्वोपरि था। मातृभूमि को अंग्रेजों के चंगुल से मुक्त कराने के लिए उन्होंने अपनी सेना "आजाद हिंद फौज बनाने का रास्ता चुना। सुभाष चंद्र बोस, जिन्हें नेताजी के नाम से जाना जाता है, ने नारा दिया था "तुम मुझे खून दो-मैं तुम्हें आजादी दूंगा ो आज भी देश के हर नागरिक व युवाओं के दिलों पर अंकित है। यह नारा राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता, कर्तव्य और जिम्मेदारी का अहसास कराता है। इसलिए हमें अपनी स्वतंत्रता को मजबूती देने के लिए अपने प्रयासों में दृढ़ रहना होगा, जो महान बलिदानों और प्रयासों से प्राप्त हुई है। उनका प्रसिद्ध युद्ध नारा "दिल्ली चलोउनके दृढ़ संकल्प का एक महान संकेतक नारा था। इसी नारे को ध्येय मानकर आजाद हिंद फौज ने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उनका विचार था कि हमें अपनी राष्ट्रीय रक्षा को ऐसी मजबूत नीव रखनी चाहिए कि भविष्य में भी हमारी स्वतंत्रता पर कभी भी आंच न आए। उन्होने मातृभूमि को आजाद कराने के लिये देश की उस समय की भारतीय सिविल सेवा को पास करने के बावजूद नौकरी नही की और इतनी बड़ी नौकरी छोडक़र देश आजादी के लिये संघर्ष करने का मार्ग चुना जो अपने-आप में उनकी महानता को दर्शाता है तथा हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

## हमें अन्याय के खिलाफ खड़े होने और समाज में भाईचारे की भावना मजबूत करने की प्रेरणा मिलती हैः परमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



गोगा नवमी के अवसर पर रविवार को वाल्मीकि समाज द्वारा निकाले गए चल समारोह का खारी कुंडी चौराहा पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर कैलाश परमार मित्र मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने निशान की आरती उतारी और पुष्पवृष्टि कर श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया। पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने चल समारोह समिति के अध्यक्ष बनवारीलाल पवार तथा संरक्षक राहुल वाल्मीकि आदि का स्वागत पट्टिका एवम पुष्पमाला पहना कर स्वागत किया। प्रभु प्रेमी संघ के संयोजक तथा पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने कहा कि गोगाजी महाराज वीरता, लोककल्याण और आस्था के प्रतीक हैं। उनके जीवन से हमें अन्याय के खिलाफ खड़े होने और समाज में भाईचारे की भावना मजबूत करने की प्रेरणा मिलती है।इस मौके पर प्रभुप्रेमी संघ के महासचिव प्रदीप प्रगति,वरिष्ठ अभिभाषक सुरेन्द सिंह परमार, कांग्रेस नेता घनश्याम जांगड़ा, शुभम शर्मा, पल्लव प्रगति, संजय जैन किला, संतोष मालवीय, भागीरथ चौहान शिक्षक, राज परमार ने भी गोगाजी महाराज के जयकारों के साथ निशान का स्वागत किया। चल समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। डीजे की भक्ति धुनों और गोगाजी महाराज की जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। समाज के महिला-पुरुष, युवा और बच्चे पारंपरिक परिधानों में सज-धजकर चल समारोह में शामिल हुए।

## समता साहित्य और सृजन साहित्य परिषद ने संविधान हाउस पर काव्य और विचार गोष्ठी का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




स्वतंत्रता दिवस के मौके पर शहर के वैशालीनगर स्थित संविधान हाउस पर अधिवक्ता मंच द्वारा ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। संविधान हाउस के व्यवस्थापक इरशाद खान ने ध्वजारोहण किया। इसके सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रभक्ति गीत, छोटे छोटे बच्चों द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। उपस्थित जनों ने अपने वक्तव्य में वीरों के बलिदानों को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के दूसरे चरण में समता साहित्य और सृजन साहित्य परिषद के तत्वाधान में काव्य एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें अतिथि के रूप में एडवोकेट अनिल मोथला भोपाल, साहित्यकार हरिओम शर्मा दाऊ, सृजन साहित्य परिषद अध्यक्ष विनोद पंसारी रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता डा आरएस गटटानी ने की। कवि द्वारका बांसुरिया, हीरालाल शर्मा, डा बिजेन्द्र जायसवाल, कृष्णा सूर्यवंशी, विभा राठौर, लक्ष्मण सिंह चौकसे, गोविंद लोवानिया, नरेन्द्र बाजर, जोरावर सिंह, अतिथि कवि एवं अध्यक्षीय काव्यपाठ डा गटटानी ने किया। कार्यक्रम का संचालन डा बिजेन्द्र जायसवाल ने किया। आभार व्यक्त एडवोकेट नरेन्द्र बाजर द्वारा किया गया। इस मौके पर एडवोकेट उवैश अली, मनोज मालवीय, लखन सिंह वर्मा, रविन्द्र मेचन, सचिनजी अधिवक्तागण एवं लाडसिंह कटारिया, विनोद मालवीय, सचिन कटारिया, नीरज मालवीय, ज्योति सूर्यवंशी, संध्या, विद्या अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## गोगादेव का निकला चल समारोह सकल हिंदू समाज ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




श्री जाहर वीर गोगादेव चल समारोह का सकल हिंदू समाज सह अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद और कुशवाहा समाज भुजरिया अध्यक्ष निखिल शुभम कुशवाहा ने गोगा देव समिति अध्यक्ष बनवारी पांवर डावरी, संरक्षक राहुल वाल्मीकि आदि का साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर सकल हिंदू समाज प्रमुख राजीव जी गुप्ता पत्रकार पार्षद प्रतिनिधि सुभाष नामदेव, मनोज कुशवाहा, सुशील कुशवाहा, पटेल दलकिशोरी कुशवाहा, विनोद जायसवाल, आनंद कुशवाहा, अमरचंद कुशवाहा पटेल, लखन सेन,राम कुशवाहा, राहुल कुशवाहा, आदि उपस्थित रहे।

### टावर पर गिर आकाशीय बिजली, उपकरण जले

**अहमदपुर।** थाने में लगे टावर पर लेगे तडित चालक यात्रं पर आकाशिय बिजली गिरने से थाने में लगे उपकरण जलकर नष्ट हो गए। बताया जा रहा है, कि थाना परिसर में जो वायरलेस सेट का टावर लगा हुआ है, जिस पर तडिचालक यंत्र लगा हुआ था। सोमवार को अचानक खराब हुए मौसम के बाद टावर पर बिजली गिर गई। बिजली गिरने के कारण थाना परिसर में लगे लगभग सभी बिजली उपकरण जल गए। गनिमत रही की टावर पर लगे तडित चालक यंत्र ने बिजली को अपने अंदर समा लिया, जिस कारण कोई जन हानी नहीं हुई। मौसम खराब होने के कारण बिजली चली गई थी। अहमदपुर थाने में इस मामले को लेकर जानकारी बताई गई की बिजली आने के बाद पता चलेगा की कितना नुकसान हुआ है। बताया जा रहा है कि अभी फिलहाल में थाने में लगे कुछ प्रिंटर इलेक्ट्रानिक उपकरण जल कर नष्ट हो गए है।

## महाविद्यालय के एनसीसी कैडेटों का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




आरएके कृषि महाविद्यालयए सीहोर के राष्ट्रीय कैडेट कॉर्प्स ;एनण्सीण्सीण्द्ध इकाईकेतृतीय वर्ष के कैडेटअनुज बघेलए शुभम डावरए हरिओम धावले और कान्हा बघेलआर्मी अटैचमेंट कैंप 2025.26 मेंचयनितहुयेहैं।एनसीसी आर्मी अटैचमेंट कैंप एक प्रशिक्षण कार्यक्रम है जहाँ एनसीसी ;राष्ट्रीय कैडेट कोरद्ध के कैडेटों को गढ़वाल राइफल्स की 7वीं बटालियनए बैरागढ़ए भोपाल में 18 अगस्त से 29 अगस्त 2025 तक 12दिनों के लिएए सैन्य जीवन और प्रशिक्षण का अनुभव प्रदान करने के लिए नियुक्त किया जाता है। ये शिविर कैडेटों को सैन्य जीवनए अनुशासन और कार्यप्रणाली की व्यावहारिक समझ प्रदान करते हैंए साथ ही देशभक्तिए नेतृत्व और राष्ट्र सेवा को भी बढ़ावा देते हैं। सेना इकाइयों से जुड़ावरूकैडेट विशिष्ट रेजिमेंटों या इकाइयों से जुड़े होते हैं और प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। सैन्य प्रशिक्षणरूकैडेटों को सेना के प्रशिक्षकों से हथियार संचालन ;जैसेए इंसास राइफलेंए एलएमजीद्धए फील्ड क्राफ्टए बैटल क्राफ्टए नेविगेशन और बाधा कोर्स जैसे क्षेत्रों में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त होता है। सैन्य जीवन से परिचयरूकैडेट एक पैदल सेना बटालियन की दैनिक दिनचर्या का अनुभव करते हैंए जिसमें शारीरिक प्रशिक्षणए अभ्यास और हथियार प्रदर्शन शामिल हैं। अनुशासन और नेतृत्व पर ज़ोररूये शिविर कैडेटों में अनुशासनए नेतृत्व के गुण और राष्ट्र सेवा की भावना का संचार करते हैं। भ्रमण और सांस्कृतिक कार्यक्रमरूकैडेट ऐतिहासिक स्थलोंए युद्ध स्मारकों और अन्य प्रासंगिक स्थानों का भ्रमण कर सकते हैं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग ले सकते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉण मो. यासीन और एएनओ लेफ्टीनेंट एके चौधरी द्वाराचयनित कैडेट को बधाई दिया गया।

### मेहतवाड़ा के राम मंदिर में चल रही सात दिवसीय भागवत कथा

# बर्बरी खाटू श्याम के रूप में पहचाने जातेः पूजा वैष्णव





हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

मेहतवाड़ा मैं चल रही सात दिवसीय भागवत कथा के पंचम दिवस के अवसर पर श्री राम मंदिर में भारी संख्या इस परिसर के बीच भागवतचार्य पूजा वैष्णव ने बर्बरी महाराज की कथा का वाचन किया उन्होंने कहा कि बर्बरी महाराज एक महान योद्धा थे और घटोत्कच और अहिल्यावती के पुत्र थे बर्बरी को उनकी माता ने सिखाया था कि हमेशा हारने वाले का पक्ष का साथ देना चाहिए बरबरी ने भगवान शिव की तपस्या कर अमोघ बंद प्राप्त किया इन वनों में इतनी शक्ति थी की पलक झपकते ही किसी युद्ध को समाप्त कर सकते थे जबकि बर्बरी महाभारत युद्ध में भाग लेने पहुंचे तो भगवान श्री कृष्ण ने उनकी शक्ति को पहचान लिया और उन्हें युद्ध में जाने से रोकने के लिए ब्राह्मण के वैस में बर्बरी के पास पहुंचे और उनसे भिक्षा मांगी और उन्होंने कहा कि बोल विप्र क्या चाहिए तब भगवान ने ब्राह्मण के वेश में कहा कि मुझे आपका सिर चाहिए और उन्होंने बर्बरी का सिर मांग लिया बर्बरी ने भगवान को पहचान लिया और अपना सिर श्री कृष्ण को दान कर दिया तब से उनके सर को खाटू में स्थापित किया गया और भगवान ने अपना नाम उनके नाम के आगे जोड़ दिया तब से लेकर अब तक बर्बरी खाटू श्याम के नाम से जाने जाते हैं और वह हमेशा हारे का सहारा बनते हैं खाटू श्याम में उनकी आज भी पूजा होती है बड़ी संख्या में लोग खाटू श्याम के दर्शन करने खाटू पहुंचते हैं इसके बाद उन्होंने गोवर्धन पर्वत की कथा का वर्णन किया किस प्रकार से इंद्र के प्रकोप से बचने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन को अपनी उंगली पर 7 दिनों तक रखा और बृजवासियों को इंद्र के प्रकोप से बचाया तब इंद्र ने भगवान श्री कृष्ण से माफी मांगी कथा पंडाल में गोवर्धन महाराज की पूजा करवाई गई और विस्तार से इस कथा का सुश्री पूजा वैष्णव ने वर्णन किया जन्माष्टमी के दिन भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव भी कथा पंडाल में मनाया गया उसकी भी बड़ी धूम रही नारी चेतना मंच के द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम श्री राम मंदिर में चल चल रहा है कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कल्याण सिंह ठाकुर, अके सिंह ठाकुर, रूप सिंह ठाकुर, ज्ञान सिंह मामा, राजेश शर्मा, धीरज सिंह नागराज, शोभाल सिंह ठाकुर, अरविंद सिंह ठाकुर, मोहनलाल आर्य, सुरेंद्र पडियार, मुकेश कुमार भावसार, लखन जायसवाल, लोकेंद्र भावसार, बबलू ठाकुर, मंगल ठाकुर, रघुवीर ठाकुर आदि मौजूद थे।

### 45 दिन के सिद्धितप का समापन 29 अगस्त को

**आष्टा।** गंज स्थित महावीर स्वामी श्वेतांबर जैन मंदिर में चातुर्मास के लिए साध्वीमंडल मंदिर के उपाश्रय में विराजमान है। साध्वी ढंक तीर्थोद्धारिका चारूव्रताश्रीजी की शिष्याएं साध्वी नम्रव्रता, मग्नव्रताश्रीजी और मीतव्रता भी साथ हैं। साध्वीवर्या की निश्रा में बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी तपस्या कर रहे हैं। 45 दिन का सिद्धितप चल रहा है। इसका समापन 29 अगस्त को तपस्वियों की शोभायात्रा और मानस भवन में बहुमान समारोह के साथ होगा। मानस भवन में तपस्वियों का स्वागत और सत्कार हुआ। सभी तपस्वियों के तप की अनुमोदना की। भजनगायक विवेक कुमार भंडारी ने भक्तिमय भजनों से माहौल भावविभोर कर दिया।

## भाजपा मंडल ने गोगा महाराज की शोभायात्रा का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



भारतीय जनता पार्टी मंडल जावर द्वारा वाल्मीकि समाज द्वारा गोगा जी के जन्मोत्सव गोगा नवमी के अवसर पर लोकदेवता श्री गोगाजी महाराज की शोभायात्रा निकाली गई जिसका भाजपा मंडल द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

जिसमे मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वेद, उपाध्यक्ष तेज सिंह कप्तान, महामंत्री राजा ठाकुर, मदन विश्वकर्मा, राजेंद्र सेंधव, सुनील लोधी, योगेश भावसार, हरेंद्र विश्वकर्मा, राजेश शर्मा, संजू मालवीय, अजय सिंह, देवकरण पाठुंडियां ,पवन मालवीय आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।